Government of Rajasthan
STATE PROJECT DIRECTORATE
Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan (RUSA) &
State Level Quality Assurance Cell (SLQAC),
Commissionerate of College Education, Rajasthan
email:spdrusaraj@gmail.com, spdrusarajnaac@gmail.com

F30 (36) SPD/RUSA/NAAC/2018/ अप्रैल 2024

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान

विषय: महाविद्यालयों में NAAC, AQAR, SSR से संबन्धित कार्यों के संदर्भ में

जैसा आप सभी को विदित है कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवम प्रत्यायन परिषद (NAAC) के द्वारा भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों को गुणवत्ता पूर्ण व उत्कृष्ट शिक्षा के संदर्भ में ग्रेड प्रदान किया जाता है। इस हेतु नैक पीयर टीम द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली शिक्षण संबंधी व अन्य सुविधाओं यथा पाठ्यक्रम, इन्फ्रास्ट्रक्चर, नवाचार, अनुसंधान, प्रबंधन तथा आउटरीच गतिविधियों संबंधी मानदंडों का विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है।

राजस्थान राज्य के राजकीय महाविद्यालयों एवम अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में नैक प्रत्यायन को उच्च स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है अतः समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालयों में NAAC, AQAR, SSR से संबन्धित कार्यों के संदर्भ में निम्नानुसार वर्णित दिशानिर्देशों की पालना सुनिश्चित करें-

महाविद्यालयों में वार्षिक आधार पर आयोजित होने वाली विभिन्न अकादमिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के रिकॉर्ड संधारण के लिए निम्न बिन्दुओं की अनुपालना करें-

1. महाविद्यालय के संकाय सदस्य अपने प्रकाशित शोध पत्र/ पुस्तक/ चैप्टर आदि की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी महाविद्यालय की आईक्यूएसी में जमा करवाएँ और प्राचार्य द्वारा उन्हे महाविद्यालय के वेब पोर्टल पर अपलोड करवाया जाए।
2. महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों/प्रकोष्ठ/क्लब के गठन से संबन्धित अद्यतन आदेश महाविद्यालय के वेब पोर्टल पर अपलोड किए जाएं।
3. महाविद्यालय के सभी विभाग/समितियां/प्रकोष्ठ/क्लब आदि के प्रभारी/समन्वयक नियमित रूप से संबन्धित सदस्यों के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाएं, बैठक का लिखित विवरण (कार्यवृत्त) संधारित करें, प्राचार्य द्वारा बैठक के लिखित विवरण (कार्यवृत्त) को अपने हस्ताक्षर से प्रमाणित किया जाए एवं तदनुसार गतिविधियों का आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करें।
4. सभी अकादमिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियो का रिकॉर्ड निम्नानुसार संधारित कर संबन्धित विभाग/समिति/प्रकोष्ठ/क्लब द्वारा एक वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाए-

i. गतिविधि के आयोजन से संबन्धित आदेश ।
ii. प्राचार्य द्वारा दी गई कार्य स्वीकृति।
iii. विद्यार्थियों के लिए सूचना की प्रति।
iv. आयोजित गतिविधि के फोटोग्राफ एवं वीडियो क्लिप (जियो टेग)।
v. उपस्थित/भाग लेने वाले विद्यार्थियों की मय हस्ताक्षर सूची।
vi. न्यूज कटिंग और मीडिया कवरेज ।
vii. गतिविधि के आयोजन पर किए गए व्यय के विवरण से संबन्धित दस्तावेज आदि।

RajKaj Ref
6839932

Signature valid
Digitally signed by Dr.Brij Kishore Sharma
Designation : Associate Professor
Date: 2024.04.29 16:50:22 IST
Reason: Approved

Scanned with OKEN Scanner

Government of Rajasthan
STATE PROJECT DIRECTORATE
Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan (RUSA) &
State Level Quality Assurance Cell (SLQAC),
Commissionerate of College Education, Rajasthan
email:spdrusaraj@gmail.com, spdrusarajnaac@gmail.com

5. महाविद्यालय या किसी विभाग/समिति/प्रकोष्ठ/क्लब आदि द्वारा यदि कोई नवाचार किया गया है या कोई बेस्ट प्रैक्टिस अपनाई गई है, उसका रिकॉर्ड मय फोटोग्राफ/वीडियो संधारित करें और उसे महाविद्यालय के वेब पोर्टल पर अपलोड किया जाए।
6. शैक्षणिक भ्रमण/ विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स/ सर्वेक्षण/ औद्योगिक भ्रमण/ सामाजिक सेवा आदि से संबन्धित रिकॉर्ड का संधारण किया जाए।
7. एलुमिनी, प्लेसमेंट, अवार्ड, उपलब्धियों, फीडबैक आदि से संबन्धित रिकॉर्ड का NAAC की SOP के अनुसार संधारण किया जाए।
8. महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं विभागीय पुस्तकालय से संबन्धित गतिविधियों का रिकॉर्ड संधारित किया जाए।
9. सभी विभागाध्यक्ष और प्रभारी अपने विभाग या समिति/प्रकोष्ठ/क्लबकी ईमेल आईडी बनाकर सभी गतिविधियों से संबन्धित दस्तावेजों को उस मेल या गूगल ड्राइव पर वर्षवार व्यवस्थित कर संधारित करें और प्रत्येक गतिविधि का प्रतिवेदन मय दस्तावेज तैयार कर उसकी एक सॉफ्ट कॉपी बनाकर उस मेल आईडी से ही महाविद्यालय और आईक्यूएसी की मेल पर प्रेषित करें।

उपरोक्त के अलावा भी अन्य गतिविधियां जो महाविद्यालय में आयोजित/संचालित होती हैं, उन सभी का भी रिकॉर्ड बिन्दु संख्या 4 के अनुसार संधारित किया जाए।

प्रो. (डॉ.) बी. के. शर्मा
संयुक्त निदेशक (रूसा)

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है-

1. निजी सहायक, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
2. वेबसाइट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षशिक्ष, राजस्थान्, जयपुर को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
3. रक्षित पत्रावली ।

संयुक्त निदेशक (रूसा)

RajKaj Ref
6839932

Signature valid
Digitally signed by Dr.Brij Kishore Sharma
Designation : Associate Professor
Date: 2024.04.29 16:50:22 IST
Reason: Approved

Scanned with OKEN Scanner